CBSE Class 12 Hindi Core 2014 - 2/1/2 - Annual

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

(iv) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए गए हैं। इस अवधि में उत्तर न लिखें।

Section क

1. बड़ी चीज़ें बड़े संकटों में विकास पाती हैं, बड़ी हस्तियाँ बड़ी मुसीबतों में पलकर दुनिया पर कब्ज़ा करती हैं । अकबर ने तेरह साल की उम्र में अपने पिता के दुश्मन को परास्त कर दिया था जिसका एकमात्र कारण यह था कि अकबर का जन्म रेगिस्तान में हुआ था और वह भी उस समय, जब उसके पिता के पास एक कस्तूरी को छोड़कर और कोई दौलत नहीं थी । महाभारत में देश के प्राय: अधिकांश वीर कौरवों के पक्ष में थे । मगर फिर भी जीत पांडवों की हुई, क्योंकि उन्होंने लाक्षागृह की मुसीबत झेली थी, क्योंकि उन्होंने वनवास के जोखिम को पार किया था । विंस्टन चर्चिल ने कहा है कि ज़िन्दगी की सबसे बड़ी सिफ़त हिम्मत है । आदमी के और सारे गुण उसके हिम्मती होने से ही पैदा होते हैं । ज़िन्दगी की दो ही सूरतें हैं । एक तो यह कि आदमी बड़े-से-बड़े मकसद के लिए कोशिश करे, जगमगाती हुई जीत पर पंजा डालने के लिए हाथ बढ़ाए और कदम-कदम पर जोश की रोशनी के साथ अँधियाली का जाल बुन रही हों, तब भी वह पीछे को पाँव न हटाए । दूसरी सूरत यह है कि उन गरीब आत्माओं का हमजोली बन जाए जो न तो बहुत अधिक सुख पाती हैं और न जिन्हें बहुत अधिक दुख पाने का ही संयोग है, क्योंकि वे आत्माएँ ऐसी गोधूलि में बसती हैं जहाँ न तो जीत हँसती है और न कभी हार के रोने की आवाज़ सुनाई देती है । इस गोधूलि वाली दुनिया के लोग बँधे हुए घाट का पानी पीते हैं, वे ज़िन्दगी के साथ जुआ नहीं खेल सकते । और कौन कहता है कि पूरी ज़िन्दगी को दाँव पर लगा देने में कोई आनन्द नहीं है ? अगर रास्ता आगे ही निकल रहा हो तो फिर असली मज़ा तो पाँव बढ़ाते जाने में ही है ।

साहस की ज़िन्दगी सबसे बड़ी ज़िन्दगी होती है । ऐसी ज़िन्दगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर, बिलकुल बेखौफ़ होती है । साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं । जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है । अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है । क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं ।

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1(क). गद्यांश में अकबर का उदाहरण क्यों दिया गया है ?

1(ख). पांडवों की विजय का क्या कारण था ?

1(ग). आशय स्पष्ट कीजिए –

“जहाँ न तो जीत हँसती है और न कभी हार के रोने की आवाज़ सुनाई देती है ।”

1(घ). साहस की ज़िंदगी को सबसे बड़ी जिंदगी क्यों कहा गया है ?

1(ङ). दुनिया की असली ताकत किसे कहा गया है और क्यों ?

1(च). क्रांतिकारियों के क्या लक्षण हैं ?

1(छ). ज़िंदगी की कौन सी सूरत आपको अच्छी लगती है और क्यों ?

1(ज). गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

1(झ). निडर और बेखौफ़ में प्रयुक्त उपसर्ग लिखिए ।

1(ञ). मिश्र वाक्य में बदलिए – साहस की ज़िंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है ।

2. अचल खड़े रहते जो ऊँचा शीश उठाए तूफानों में,
सहनशीलता, दृढ़ता हँसती जिनके यौवन के प्राणों में ।
वही पंथ बाधा को तोड़े बहते हैं जैसे हों निर्झर,
प्रगति नाम को सार्थक करता यौवन दुर्गमता पर चलकर ।
आज देश की भावी आशा बनी तुम्हारी ही तरुणाई,
नए जन्म की श्वास तुम्हारे अंदर जगकर है लहराई ।
आज विगत युग के पतझर पर तुमको नव मधुमास खिलाना,
नवयुग के पृष्ठों पर तुमको है नूतन इतिहास लिखाना ।
उठो राष्ट्र के नवयौवन तुम दिशा-दिशा का सुन आमंत्रण,
जगो, देश के प्राण जगा दो नए प्रात का नया जागरण ।
आज विश्व को यह दिखला दो हममें भी जागी तरुणाई,
नई किरण की नई चेतना में हमने भी ली अँगड़ाई ।।

नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

2(क). मार्ग की रुकावटों को कौन तोड़ता है और कैसे ?

2(ख). नवयुवक प्रगति के नाम को कैसे सार्थक करते हैं ?

2(ग). 'विगत युग के पतझर' से क्या आशय है ?

2(घ). कवि देश के नवयुवकों का आह्वान क्यों कर रहा है ?

2(ङ). कविता का मूल संदेश अपने शब्दों में लिखिए ।

Section ख

3(क). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

पहला सुख निरोगी काया

3(ख). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

कम्प्यूटर का आधुनिक जीवन में महत्त्व

3(ग). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

युवाओं में बढ़ता तनाव

3(घ). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

महँगाई की मार

4. राजमार्गों पर पथकर की ऊँची दरें होते हुए भी उनका रखरखाव असंतोषजनक है । राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष को एक शिकायती पत्र लिखिए ।

OR

4. समाज में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए और समाधान का एक सुझाव भी दीजिए ।

5(क). 'धर्म को व्यावसायिकता से जोड़ते संत' विषय पर फ़ीचर का आलेख लिखिए ।

OR

5(क). 'मिटते रीति-रिवाज' विषय पर फ़ीचर का आलेख लिखिए ।

5(ख)(i). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

हिन्दी के पहले साप्ताहिक पत्र का नाम बताइए ।

5(ख)(ii). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

फीड बैक से आप क्या समझते हैं ?

5(ख)(iii). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

उल्टा पिरामिड शैली क्या है ?

5(ख)(iv). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

'बीट' से आप क्या समझते हैं ?

5(ख)(v). नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

स्वतन्त्र पत्रकार का क्या अर्थ है ?

6. 'भारत का मंगल अभियान' विषय पर आलेख लिखिए ।

OR

6. 'इण्टरनेट पर समाचार' विषय पर आलेख लिखिए ।

Section ग

7. मैं जगजीवन का भार लिए फिरता हूँ,
फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ,
कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर,
मैं साँसों के दो तार लिए फिरता हूँ !
मैं स्नेह-सुरा का पान किया करता हूँ,
मैं कभी न जग का ध्यान किया करता हूँ,
जग पूछ रहा उनको, जो जग की गाते,
मैं अपने मन का गान किया करता हूँ !

प्रस्तुत पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

7(क). जगजीवन का भार लिए फिरने से कवि का क्या आशय है ? ऐसे में भी वह क्या कर लेता है ?

7(ख). 'स्नेह-सुरा' से कवि का क्या आशय है ?

7(ग). आशय स्पष्ट कीजिए –

जग पूछ रहा उनको, जो जग की गाते ।

7(घ). 'साँसों के तार' से कवि का क्या तात्पर्य है ? आपके विचार से उन्हें किसने झंकृत किया होगा ?

OR

7. अट्टालिका नहीं है रे
आतंक-भवन
सदा पंक पर ही होता
जल-विप्लव-प्लावन
क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से
सदा छलकता नीर
रोग-शोक में भी हँसता है
शैशव का सुकुमार शरीर ।

प्रस्तुत पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

OR

7(क). कवि अट्टालिकाओं को आतंक भवन क्यों मानता है ?

OR

7(ख). 'पंक' और 'जलज' का प्रतीकार्थ बताइए ।

OR

7(ग). आशय स्पष्ट कीजिए -

सदा पंक पर ही होता जल-विप्लव-प्लावन ।

OR

7(घ). शिशु का उल्लेख यहाँ क्यों किया गया है ?

8. सुत बित नारि भवन परिवारा । होहिं जाहिं जग बारहिं बारा ।।
अस विचारि जियँ जागहु ताता । मिलइ न जगत सहोदर भ्राता ।।

नीचे लिखे काव्य खण्ड को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

8(क). काव्यांश में प्रयुक्त भाषा एवं छन्द का नाम लिखिए ।

8(ख). प्रयुक्त अलंकार का नाम और दो उदाहरण लिखिए ।

8(ग). कविता का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए ।

OR

8. जो मुझको बदनाम करे हैं काश वे इतना सोच सकें ।
मेरा परदा खोले हैं या अपना परदा खोले हैं ।।

नीचे लिखे काव्य खण्ड को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

OR

8(क). कविता का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए ।

OR

8(ख). काव्यांश की भाषा की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

OR

8(ग). 'परदा खोलना' का प्रयोग-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए ।

9(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कागज के पन्ने की तुलना छोटे चौकोने खेत से करने का आधार स्पष्ट कीजिए ।

9(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सिद्ध कीजिए कि 'उषा' कविता गाँव की सुबह का गतिशील चित्रण है ।

9(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कैमरे में बन्द अपाहिज कविता कुछ लोगों की संवेदनहीनता प्रकट करती है, कैसे ?

10. बाज़ार में एक जादू है । वह जादू आँख की राह काम करता है । वह रूप का जादू है पर जैसे चुम्बक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है । जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है । जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा । मन खाली है तो बाज़ार की अनेकानेक चीज़ों का निमन्त्रण उस तक पहुँच जाएगा । कहीं उस वक्त जेब भरी हो तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है ! मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ । सभी सामान ज़रूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है । पर यह सब जादू का असर है । जादू की सवारी उतरी कि पता चलता है कि फैंसी चीजों की बहुतायत आराम में मदद नहीं देती, बल्कि खलल ही डालती है । थोड़ी देर को स्वाभिमान को ज़रूर सेंक मिल जाता है । पर इससे अभिमान की गिल्टी को और खुराक ही मिलती है । जकड़ रेशमी डोरी की हो तो रेशम के स्पर्श के मुलायम के कारण क्या वह कम जकड़ होगी ?

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

10(क). बाज़ार के जादू से क्या तात्पर्य है ?

10(ख). बाज़ार का जादू कब अधिक प्रभावी होता है और क्यों ?

10(ग). जादू का प्रभाव समाप्त होने पर क्या अनुभव होता है ?

10(घ). आशय स्पष्ट कीजिए 'अभिमान की गिल्टी को और खुराक मिलती है ।'

OR

10. दोनों ही लड़के राज-दरबार के भावी पहलवान घोषित हो चुके थे । अत: दोनों का भरण-पोषण दरबार से ही हो रहा था । प्रतिदिन प्रात:काल पहलवान स्वयं ढोलक बजाकर दोनों से कसरत करवाता । दोपहर में, लेटे-लेटे दोनों को सांसारिक ज्ञान की भी शिक्षा देता – "समझे ! ढोलक की आवाज पर पूरा ध्यान देना । हाँ, मेरा गुरु कोई पहलवान नहीं, यही ढोल है, समझे ! ढोल की आवाज के प्रताप से ही मैं पहलवान हुआ । दंगल में उतरकर सबसे पहले ढोलों को प्रणाम करना, समझे !" ऐसी ही बहुत सी बातें वह कहा करता । फिर मालिक को कैसे खुश रखा जाता है, कब कैसा व्यवहार करना चाहिए, आदि की शिक्षा वह नित्य दिया करता था ।

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

OR

10(क). पहलवान के बेटों का भरण-पोषण राज-दरबार से क्यों होता था ?

OR

10(ख). पहलवान अपने पुत्रों को क्या शिक्षा दिया करता था ?

OR

10(ग). लुट्टन किसे अपना गुरु मानता था और क्यों ?

OR

10(घ). आज गाँवों में अखाड़े समाप्त हो रहे हैं, इसके क्या कारण हो सकते हैं ?

11(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती हो गईं, कैसे ? सोदाहरण लिखिए ।

11(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'गगरी फूटी – बैल पियासा' से लेखक का क्या आशय है ?

11(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

उन संघर्षों का उल्लेख कीजिए जिनसे टकराते-टकराते चार्ली चैप्लिन के व्यक्तित्व में निखार आता चला गया ।

11(घ). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'नमक' कहानी में क्या संदेश छिपा हुआ है ? स्पष्ट कीजिए ।

11(ङ). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

डॉ. आम्बेडकर के मतानुसार दासता की व्यापक परिभाषा क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

12(क). किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

बेटे द्वारा भेंट किए गए ड्रेसिंग गाउन को पहनते हुए यशोधर बाबू को कौन सी बात चुभ गई और क्यों ?

12(ख). किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'यह खेती हमें गड्ढे में ढकेल रही है' – बालक आनंद यादव के इस कथन के पक्ष या विपक्ष में दो तर्क दीजिए ।

12(ग). किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सिंधु घाटी सभ्यता में किन-किन कृषि उपजों के उत्पादन के प्रमाण प्राप्त होते हैं ? 'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर लिखिए ।

13(क). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

यशोधर पंत की तीन चारित्रिक विशेषताएँ सोदाहरण समझाइए ।

13(ख). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

ऐन की डायरी निजी कहानी न होकर तत्कालीन समाज का दर्पण है, कैसे ?

13(ग). नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'जूझ' के लेखक के कवि बनने की कहानी का वर्णन कीजिए ।

14. 'जूझ' कहानी आधुनिक किशोर-किशोरियों को किन जीवन-मूल्यों की प्रेरणा दे सकती है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

OR

14. 'सिल्वर वेडिंग' के आधार पर उन जीवन-मूल्यों की सोदाहरण समीक्षा कीजिए जो समय के साथ बदल रहे हैं ।

- End of Question Paper -